प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

20.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

चुनाव पांचवां चरण

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आज 6 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। इस चरण में कई मंत्रियों और सांसदों सहित 6 सौ 95 उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री और भाजपा जनता के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल, कांग्रेस के राहुल गांधी सहित अन्य नेता शामिल हैं। पांचवें चरण की चुनावी प्रक्रिया को पूरी करवाने में 94 हजार 7 सै 32 मतदान केंद्रों पर 9 लाख 47 हजार से अधिक मतदान कर्मी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की 7 उड़ीसा और बिहार की 5–5, झारखंड की 3 और जम्मू कश्मीर और लद्दाख की एक–एक सीट पर मतदान हो रहा है। चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों पर सभी व्यापक प्रबंध किए हैं।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा की 6 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अब 10 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार ने भी तेजी पकड़ ली है और दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार के लिए प्रदेश में पहुंच रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 मई को हिमाचल आने का कार्यक्रम है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री नाहन और मंडी में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। चुनाव प्रचार की इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज बिलासपुर व श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं शिमला संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करेंगे। दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज चंबा जिले के तीसा, सलूणी सहित देवी देहरा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार को अंजाम देंगे। मंडी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह द्रंग विधानसभा क्षेत्र में वोट मांगेंगे।

मनीष गर्ग

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांगजन मतदाताओं की सुविधा के लिए होम वोटिंग यानि घर से मतदान

की सुविधा प्रदान की है। इस सुविधा के लिए प्रदेश में प्रपत्र 12–डी के माध्यम से 48 हज़ार 9 सौ 19 आवेदन आए हैं जिनमें से अब तक 37 हज़ार 3 सौ 62 प्रपत्र स्वीकृत किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि इसी तरह मतदान के दिन अनिवार्य सेवाओं पर तैनात कर्मचारियों से 2 हज़ार 9 सौ 95 आवेदन मिले हैं जिनमें से 2 हज़ार 10 बारह–डी प्रपत्रों को स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि होम वोटिंग के लिए मतदान की सुविधा 21 से 29 मई तक पात्र मतदाताओं के घर पर जाकर उपलब्ध करवाई जाएगी।

मौसम

प्रदेश के कई जिले इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं और इन स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से 4 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। बीते कल भी कुछ जिलों में लोगों को लू का सामना करना पड़ा और ऊना का अधिकतम तापमान 44 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी 4 दिनों तक लाहौल और किन्नौर को छोड़कर बाकी 10 जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम के इस मिजाज को देखते हुए विभाग ने लू से बचाव के लिए जरूरी एडवाइजरी जारी की है। भीषण गर्मी के चलते प्राकृतिक पेयजल स्त्रोत भी सूखने लगे हैं और 200 से अधिक पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। इसके अलावा पिछले 4–5 दिनों में प्रदेश के जंगलों में आग लगने की घटनाओं में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** का शीर्षक है **शिमला, धर्मशाला समेत 10 शहरों में चली लू, चार दिन भयंकर गर्मी पड़ने का येलो अलर्ट। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **गर्मी का असर : पेयजल की 300 योजनाओं में 75 प्रतिशत तक घटा पानी, 8 सौ 22 बस्तियां प्रभावित। दैनिक जागरण** की सुर्खी है **छह जिलों में चली लू, अभी गर्मी से नहीं मिलेगी राहत। पंजाब केसरी** का कहना है **निकोबार पहुंचा मानसून, हिमाचल में 22 जून को होगी एंटरी। दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **नौ जिलों में लू का अलर्ट, 44 डिग्री से पार पहुंच गया पारा। हिमाचल दस्तक** के शब्द हैं **लाहौल और किन्नौर को छोड़ बाकी 10 जिलों में 4 दिन हीट वेव का अलर्ट।**

आपका फैसला के अनुसार **रायबरेली–अमेठी का चुनाव निपटाकर हिमाचल आएंगे राहुल और प्रियंका। पंजाब केसरी** के शब्द हैं **मोदी 24 को नाहन में करेंगे जनसभा को संबोधित। दैनिक भास्कर** का कहना है **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 मई को नाहन व मंडी में रैली तय।**

पंजाब केसरी ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है **एक भी वायदा पूरा नहीं कर पाई हिमाचल सरकार।**

वाटर सेस का तरीका बदल सकती है सरकार शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **कमाई बढ़ाने के लिए कानून बनाने में पहले हुई त्रुटियां की जाएंगी दुरूस्त।**